जय श्री श्याम बोलो जय श्री श्याम | By Mukesh Bagda

इस दुनिया में सदा रहेगी श्याम हुकूमत तेरी
सारी दुनिया जान गई है बाबा शक्ति तेरी
जय श्री श्याम बोलो जय श्री श्याम
खाटू वाले बाबा जय श्री श्याम

श्री कृष्ण ने तुमको ये वरदान दिया
घर घर पूजा होगी अपना नाम दिया
कलयुग में तेरा जोर चले
डंका चारों और बजे
सारी दुनिया करने लगेगी बाबा भक्ति तेरी
जय श्री श्याम बोलो जय श्री श्याम
खाटू वाले बाबा जय श्री श्याम

कोई तुझको दे आवाज़ तू आता है
तू हारे का हर दम साथ निभाता है
जो तेरे दर्शन कर लेता
तू उसके संकट हर लेता
दीवाना कर देती सबको बाबा मस्ती तेरी
जय श्री श्याम बोलो जय श्री श्याम
खाटू वाले बाबा जय श्री श्याम

तू भजनो से खुश होकर बिक जाता है
खोल के गठरी अपना माल लुटाता है
भर भर झोली सब ले जाते
फिर माँगन वापस आ जाते
भरी हुई है माँगन वालो से बस्ती तेरी
जय श्री श्याम बोलो जय श्री श्याम
खाटू वाले बाबा जय श्री श्याम

ऐसा तो दरबार कहीं न देखा है
पल में बदले जो किस्मत की रेखा है
जो श्याम शरण में आ जाते
वो श्याम के प्रेमी बन जाते
भजन तुम्हारे गा कर बाबा जागी किस्मत मेरी
जय श्री श्याम बोलो जय श्री श्याम
खाटू वाले बाबा जय श्री श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80/